तापमान

अधिकतम 37 डिग्री

न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 12 जून 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर



2 कलेक्टोरेट परिसर सहित चार स्थानों पर होगा आकांक्षीय शौचालय का निर्माण




**खबर संक्षेप**

### डिप्टी कलेक्टर उमेश को मिला वरिष्ठ श्रेणी वेतनमान

**बैकुण्ठपुर।** राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार राज्य प्रशासनिक सेवा संवर्ग के अधिकारियों को वरिष्ठ श्रेणी वेतनमान प्रदान किया गया है। इसी क्रम में कोरिया में पदस्थ डिप्टी कलेक्टर एवं बैकुंठपुर के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) उमेश कुमार पटेल को वरिष्ठ श्रेणी वेतनमान स्वीकृत किया गया है। शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार श्री पटेल को 1 जनवरी 2025 से प्रभावशील वेतन मैट्रिक्स लेवल-13 का लाभ प्रदान किया गया है, इससे पूर्व वे कनिष्ठ श्रेणी वेतनमान में कार्यरत थे। शासन के इस निर्णय से श्री पटेल को वरिष्ठ श्रेणी वेतनमान के अनुरूप वित्तीय लाभ प्राप्त होंगे।



### पंच संघ की बैठक 17 को किसानी पर होगी चर्चा

**सोनहत।** ब्लॉक स्तर पर पंच संघ के आह्वान पर 17 जून को खेती-किसानी से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। इस संबंध में ब्लॉक पंच संघ अध्यक्ष प्रेमसागर तिवारी ने विज्ञप्ति जारी कर बैठक की जानकारी दी है। पंच संघ अध्यक्ष ने बताया कि आगामी कृषि सीजन को देखते हुए लघु, सीमांत एवं अन्य किसानों को शासन द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली खाद-बीज की व्यवस्था, कृषि यंत्रों की उपलब्धता, निःशुल्क प्रदाय की जाने वाली खाद-बीज सामग्री का किसानों तक वितरण तथा जैविक कृषि को बढ़ावा देने जैसे विषयों पर बैठक में चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि आने वाले खेती के मौसम में क्षेत्र स्तर पर किसानों को सभी आवश्यक सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ मिले, यही बैठक का मुख्य उद्देश्य है। इसके अलावा ग्राम पंचायत स्तर की विभिन्न समस्याओं और संचालित कार्यों की भी समीक्षा की जाएगी। बैठक में सोनहत क्षेत्र की सभी 42 ग्राम पंचायतों के पंचों से उपस्थित होकर जनहित से जुड़े विषयों पर चर्चा में भाग लेने की अपील पंच संघ अध्यक्ष प्रेमसागर तिवारी ने की है।

### कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

**मनेन्द्रगढ़।** छग शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना (पूर्व में जवाहर उत्कर्ष योजना) के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली प्रवेश परीक्षा संबंधी संशोधित दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। योजना के तहत विद्यार्थियों का चयन प्रवेश परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा। परीक्षा का आयोजन उच्च गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के साथ किया जाएगा। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार इच्छुक विद्यार्थी ऑफलाइन आवेदन पत्र जिला कार्यालय मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर से प्राप्त कर सकते हैं तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन जमा कर सकेंगे।

बैठने की व्यवस्था को लेकर कांग्रेस पार्षदों का विरोध

# समीक्षा बैठक में हंगामा जमीन पर बैठे पार्षद



प्रवेश गेट के सामने जमीन पर बैठे पार्षद।

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

एमसीबी जिले के नगर पालिक निगम चिरमिरी में आयोजित समीक्षा बैठक उस समय विवादों में घिर गई, जब नेता प्रतिपक्ष के लिए उचित बैठने की व्यवस्था नहीं होने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस पार्षदों ने विरोध शुरू कर दिया।

विरोध स्वरूप कांग्रेस के सभी पार्षद बैठक स्थल पर ही जमीन पर बैठ गए और निगम प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। बैठक में क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सहित सत्ता पक्ष और विपक्ष के पार्षद मौजूद रहे। बैठक का उद्देश्य नगर निगम क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों और जनहित से जुड़े मुद्दों की समीक्षा करना था, लेकिन शुरूआत में ही विपक्षी पार्षदों के विरोध के चलते माहौल गरमा गया। कांग्रेस पार्षदों ने आरोप लगाया कि निगम प्रशासन द्वारा विपक्षी पार्षदों की लगातार उपेक्षा की जा रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्षदों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है और उनकी समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से नहीं लिया जाता। नेता प्रतिपक्ष ने बताया कि नगर निगम के करीब सवा साल के कार्यकाल में किए गए कार्यों की

■ **कांग्रेस नेताओं ने कहा- यदि विपक्ष की अनदेखी जा रही तो होगा व्यापक आंदोलन**

समीक्षा स्वास्थ्य मंत्री की मौजूदगी में होनी थी। उन्होंने कहा कि पार्षद सुबह 11 बजे से बैठक के लिए पहुंचे थे, ताकि क्षेत्र की समस्याओं और विकास कार्यों पर चर्चा हो सके, लेकिन दोपहर तक इंतजार के बाद भी व्यवस्थाएं संतोषजनक नहीं मिलीं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रोटोकॉल के अनुसार नेता प्रतिपक्ष के बैठने की व्यवस्था नहीं की गई थी। जब इस संबंध में सवाल किया गया तो व्यवस्थापकों द्वारा कहा गया कि कहीं पर भी बैठ जाइए, जिसके बाद कांग्रेस पार्षद विरोध स्वरूप जमीन पर बैठ गए। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि विपक्ष की अनदेखी जारी रही तो आने वाले समय में और व्यापक आंदोलन किया जाएगा। उनका कहना था कि लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका भी महत्वपूर्ण होती है और सभी जनप्रतिनिधियों को समान सम्मान मिलना चाहिए। वहीं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बैठक में नगर निगम क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को योजनाओं को समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार क्षेत्र के विकास और नागरिक सुविधाओं के विस्तार को प्राथमिकता दे रही है। बैठक के दौरान हुए घटनाक्रम के बाद नगर निगम की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। अब देखना होगा कि विपक्ष द्वारा उठाए गए मुद्दों पर निगम प्रशासन क्या कदम उठाता है।

## दो माह से वेतन को तरसे 97 प्लेसमेंट श्रमिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

नगर पालिका परिषद शिवपुर चरचा में कार्यरत 97 प्लेसमेंट (ठेका) श्रमिकों के अप्रैल एवं मई माह के लंबित वेतन भुगतान को लेकर मामला तूल पकड़ता जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष एवं वार्ड क्रमांक 3 की पार्षद श्रीमती लालमुनी यादव ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर श्रमिकों का बकाया वेतन तत्काल जारी करने की मांग की है।

■ **कांग्रेस ने दी आंदोलन की चेतावनी**

सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि नगर पालिका परिषद में कार्यरत 97 प्लेसमेंट श्रमिकों को पिछले दो माह से वेतन नहीं मिला है। वेतन भुगतान में लगातार हो रही देरी के कारण श्रमिकों और उनके परिवारों को गंभीर आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। परिवार के भरण-पोषण, बच्चों की शिक्षा तथा दैनिक जरूरतों की पूर्ति करना मुश्किल हो गया है। श्रीमती यादव ने कहा कि श्रमिक नगर पालिका की व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए उनके परिश्रम का सम्मान समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित कर ही किया जा सकता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि आगामी 10 दिनों के भीतर अप्रैल एवं मई माह का लंबित वेतन जारी किया जाए, ताकि श्रमिकों को राहत मिल सके। ज्ञापन में चेतावनी भी दी गई है कि यदि निर्धारित समय-सीमा के भीतर वेतन भुगतान नहीं किया गया तो कांग्रेस पार्टी एवं नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। आंदोलन से उत्पन्न होने वाली किसी भी स्थिति की जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन की होगी। मामले की गंभीरता ⏭ शेष पेज 4 पर



ज्ञापन सौंपती पूर्व नपा अध्यक्ष लालमुनी।

### आज 22 जून तक होंगे कैंप

**बैकुण्ठपुर।** जिले के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला पंचायत कोरिया के जिला मिशन प्रबंधन इकाई बिहान द्वारा विकासखंड स्तरीय रोजगार कैंपों का आयोजन किया जा रहा है। सुरक्षा क्षेत्र में नियुक्ति के लिए आयोजित होने वाले इन कैंपों में इच्छुक अभ्यर्थियों को रोजगार से जुड़ने का अवसर मिलेगा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के निर्देशानुसार 12 से 22 जून तक बैकुंठपुर एवं सोनहत विकासखंड के विभिन्न स्थानों पर रोजगार कैंप आयोजित किए जाएंगे। कैंप का समय सुबह 10 से शाम 4 बजे तक निर्धारित किया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 12 जून को जनपद पंचायत सोनहत, 13 जून को जनपद पंचायत बैकुंठपुर, 15 जून को पटना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पोड़ी, 16 जून को शासकीय आईटीआई सलका, 18 एवं 19 जून को बैकुंठपुर क्षेत्र में तथा 22 जून को शासकीय आईटीआई कटगोड़ी में रोजगार कैंप आयोजित किए जाएंगे।

प्लास्टिक मुक्त वातावरण और कचरा पृथक्करण का दिया संदेश

## कलेक्टर, सीईओ और जनप्रतिनिधियों ने किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर





स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता और सामूहिक सहभागिता का प्रेरक उदाहरण गुरूवार को बैकुंठपुर के प्रेमाबाग परिसर में देखने को मिला, जहां जिला प्रशासन कोरिया द्वारा आयोजित स्वच्छता अभियान में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों ने एकजुट होकर श्रमदान किया।

■ **प्रेमाबाग मंदिर परिसर में चला सफाई अभियान**

साथी हाथ बंटाना की भावना से प्रेरित इस अभियान में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई और स्वच्छ-स्वस्थ कोरिया के निर्माण का संकल्प लिया। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष एवं देवराहा बाबा समिति के अध्यक्ष शैलेश शिवहरे सहित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सुबह 7 बजे शुरू हुए अभियान में सभी ने प्रेमाबाग परिसर में फैले कचरे की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। श्रमदान के दौरान लोगों ने परिसर को साफ-सुथरा बनाने केसाथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी जताई। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। जिस तरह हम अपने घर और शरीर को स्वच्छ रखते हैं, उसी तरह कार्यालयों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, बाग-बगीचों और सार्वजनिक ⏭ शेष पेज 4 पर




